में) स्थापित डा० भीमराव अम्बेदकर की प्रतिमा रेलवे विभाग द्वारा पुलिस की सहायता से हटाई जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) देश में रेलवे के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत रेलवे यार्डों अथवा अन्य रेलवे कालोनियों में कितनी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं और कितने पूजास्थल (मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा) बने हुए हैं ; और

(घ) क्या उन्हें हटाने के लिए कोई कार्यवाही की जाएगी ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) 24–4–81 को अनुमति प्राप्त किए बिना या सम्बन्धित भूमि के लिए लाइसेंस लिए बिना स्वर्गीय डा० भीमराव अम्बेदकर की एक प्रतिमा संस्थापित की गयी। एक रेल कर्मचारी, जो अपने आप को तथाकथित अखिल भारतीय अनु० जा० / अनु० जन जाति एसोसिएशन का अध्यक्ष बताता है, ने इस प्रतिमा के साथ-साथ एक छोटा सा अस्थाई ढांचा भी खड़ा कर लिया । कब्जा की गयी भूमि का कुल क्षेत्रफल लगभग 2 एकड़ है । चूंकि उपरोक्त भूमि पर कब्जा अनधिकृत रूप से किया गया है और उक्त भूमि के प्लाट की इसके समीप स्थित रेलवे के बिजली सब-स्टेशन और मण्डल कारखाने के विकास और विस्तार के लिए आवश्यकता है, इसलिए प्रतिमा को किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए कानूनी कारंवाई करने का विचार है ।

(ग) और (घ) देश के रेल परिसरों में स्थापित की गयी प्रतिमाओं और निर्मित पूजा गृहों की संख्या क्रमशः 14 और 2703 है ।

रेलवे भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जा करने से सभी मामलों में सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के अन्तर्गत बेदखली के लिए कार्रवाई की जाती है जिसमें वे मामले भी शामिल हैं जहां प्रतिमाओं और पूजा गृहों की स्थापना के लिए भूमि पर कब्जा किया जाता है ।

बालामाउ और सीतापुर के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों में भारी भीड़भाड़

3990. श्री राम लाल राही : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसी संसद सदस्य ने वाई एस एस बी उत्तर रेलवे शाखा लाइन में बालामाउ और सीतापुर के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों में भारी भीड़-भाड़ और रेलवे कार्मिकों को होने वाली असुविधा के बारे में 2 दिसम्बर, 1982 को मंत्री को पत्र लिखा था ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) उत्तर रेलवे के बालामाउ सीतापुर खंड पर कोचिंग स्टाक की कमी के कारण दो जोड़ी पैसेन्जर गाड़ियों में कुछ भीड़-भाड़ रहती है । इस समय संसाधनों की कमी के कारण मांग की पूरी तरह पूर्ति करना सम्भव नहीं है ।

आरा-सहसराम लाइन को बदला जाना

3991. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आरा-सहसराम लाइन रेलवे लाइन को बाब